महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक और ट्रेलर में जबरदस्त भिड़ंत मौके पर ड्राइवर की मौत

जशपुर (आरएनएस)। बीती रात जशपुर जिले के पतराटोली में ट्रक और ट्रेलर की भिड़ंत में जिले के ही एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गयी। मृतक का नाम राजेश टोप्पो और निवासी लोरो बगीचा का बताया जा रहा है ।पूलिस के मुताबिक मृतक ड्राइवर पत्थल गाँव के बजरंग अग्रवाल का ट्रक चलता था। बीती रात जब वह ट्रक लेकर जशपुर से लौट रहा था तभी नागालैंड नम्बर वाले एक ट्रेलर से ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गयी ।टक्कर की भयावहता को तस्वीरों को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है ।बताया जा रहा है इस टक्कर में ट्रक के परखच्चे उड़ गए और ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गयी । घटना पतराटोली एनएच 43 पर घटित हुई।दुल्दुला थाना पूलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

अनियंत्रित हाइवा ने बाईक सवार युवकों को कुचला, तीनों की मौत

» हादसे के बाद गांव में तनाव

रतनपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर इलाके में फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला है रतनपुर थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है। बुधवार की रात रतनपुर थाना क्षेत्र के नेवसा गांव निवासी तीन युवक बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान गिधौरी मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

तेज रफ्तार बाइक और ट्रैक्टर में भिडंत मौक़े पर तीन लोगों की मौत

धमतरी (आरएनएस)। भखारा थाना के भेंडरवानी में तेज रफ्तार बाइक और ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हुई है। हादसे में दो लोगों की मौत की खबर है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर विवेचना कर रही है। जानकारी के अनुसार हादसा तड़के की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बाइक सीधे ट्रैक्टर से जा टकराया। जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। जोरदार भिड़ंत होने से बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। वहीं, अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। हालांकि अभी मृतक युवकों के बारे में पता नहीं चल पाया है। इधर हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पहुंची भखारा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सड़क के किनारे कर यातायात को दूरस्त किया। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

शौचालय निर्माण में लाखों की गड़बड़ी, सरपंच सचिव पर केस दर्ज

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिले के सकरेली के पंचायत सचिव के खिलाफ लाखों रुपए के धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। सचिव के खिलाफ शौचालय निर्माण की राशि में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जांच में इसका खुलासा होने के बाद करारोपण अधिकारी ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए। केस दर्ज होने के बाद अब एडीएम कोर्ट में आरोपी पंचायत सचिव के खिलाफ मामले की सुनवाई की जाएगी। सकरेली गांव के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव चमरुराम खैरवार पर शौचालय निर्माण की राशि में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर प्रदर्शन किया था। जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से पंचायत सचिव के काले कारनामों की शिकायत की गई थी। जांच के बाद शौचालय निर्माण की 22 लाख रुपए गबन करने का खुलासा हुआ। इसके बाद करारोपण अधिकारी ने निर्देश पर बाराद्वार पुलिस ने जांच की। जांच पूरी होने के बाद अब धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। वहीं, अब इस मामले की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में होगा।

थाने में हुई फायरिंग ,आरक्षक के पैर में लगी गोली मचा हड़कंप

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले डोंगरगढ़ थाना में गोली चलने की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि बात को लेकर विवाद के दौरान फायरिंग हो गई। इस फायरिंग में एक आरक्षक के पैर पर गोली लगी है। घायल आरक्षक को तत्काल अस्पताल में लाया गया है।

धान खरीदी के मुद्दे पर भाजपा का वॉकआउट

रायपुर (आरएनएस)। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज भाजपा सदस्यों ने प्रदेश में किसानों से धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास करते हुए जमकर हंगामा किया। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सरकार हर हाल में किसानों से 2500 रूपये की दर से धान खरीदेगी। ये धान केन्द्र द्वारा तय दर 1815 व 1835 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदी जाएगी वहीं दोनों राशि में फर्क की शेष राशि किसानों के खातों में जमा कराने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई समिति अतिशीघ्र तय करेगी। मंत्री के इस जवाब से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

प्रश्नकाल में आज कांग्रेस विधायक अरूण वोरा की अनुपस्थिति में विधायक धनेन्द्र साहू ने प्रदेश में धान खरीदी एवं प्रदेश का चावल केन्द्र द्वारा खरीदी नहीं किए जाने का मामला उठाया। धनेन्द्र साहू ने मंत्री से पूछा कि क्या कारण है कि प्रदेश का चावल केन्द्र सरकार द्वारा खरीदा नहीं जा रहा है। इसके जवाब में खाद्य मंत्री भगत ने कहा कि केन्द्र सरकार ने शर्त रखी है कि अगर प्रदेश सरकार इस साल किसानों से 2500 रूपये समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करेगी तो उनके द्वारा प्रदेश का चावल की खरीदी नहीं की जाएगी।

भगत ने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार के इस शर्त के बाद सरकार ने प्रदेश के किसानों का धान केन्द्र द्वारा तय दर 1815 व 1835 रूपये में खरीदने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने किसानों से 2500 रूपये प्रति क्विंटल दर पर धान खरीदने का जो वादा किया है उसे भी हम हर हाल में निभाएंगे। इसके लिए केन्द्र की तय दर और 2500 रूपये में फर्क की शेष राशि को किसानों के खातों तक किस रूप में पहुंचायी जाए इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्री स्तरीय एक समिति बनाई है। ये समिति अगले बजट सत्र से पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी जिसके बाद बैठक में अनुशंसा कर धान खरीदी की शेष राशि को किसानों के खातों में जमा करा दिया जाएगा।

खाद्य मंत्री के इस उत्तर के दौरान नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने खाद्य मंत्री से पूछा कि सरकार 1 दिसंबर से प्रदेश में धान खरीदी शुरू करने जा रही है। धान की खरीदी केन्द्र की तय दर पर की जा रही है फिर 2500 रूपये में फर्क की शेष राशि किसानों को कब तक दिया जाएगा। मंत्री ने इस प्रश्न के उत्तर में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई समिति की रिपोर्ट आने के बाद शीघ्र ही किसानों को शेष राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। मंत्री के इस जवाब से असंतोष जाहिर करते हुए भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

फर्जी नक्सली बनकर अवैध वसूली करने वाले एक नाबालिक समेत 6 युवक गिरफ्तार

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले के कई गांव के सरपंच को नक्सली बनकर धमकी देने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग लड़का भी शामिल है। शिकायत मिलने के बाद जांच कर रही गरियाबंद पुलिस ने जंगल में घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा।

जानकारी के अनुसार जड़जड़ा गांव के सरपंच ने नक्सली द्वारा 1.5 लाख रुपए की अवैध वसूली करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस बीच मुखबीर से जंगल में नक्सली मूवमेंट की सूचना मिली।

पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर जंगल में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग समेत 6 युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से वाकी-टॉकी समेत अन्य सामान बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने नक्सली धमकी देकर गांव के सरपंचों से अवैध वसूली करने का काम कर रहे थे। कई सरपंचों को धमकी देकर रुपयों की उगाही कर चुके हैं। फिलहाल पूछताछ पूरी होने के बाद पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

लेनदेन पर युवक से मारपीट

महासमुंद (आरएनएस)। सिघोंड़ा क्षेत्र के पड़कीपाली में पैसों के लेनदेन पर तीन लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। धनपति कुम्हार पिता जयदेव ने शिकायत में बताया कि रविवार सुबह 8 बजे गांव के सोनाधार, सूरज और विलासनी कुम्हार ने पैसे के लेनदेन पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

डीजल और कोयला चोरों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, दो गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कुसमुण्डा पुलिस द्वारा डीजल और कोयला चोरों पर शिकंजा कसने का काम जारी है। इस कड़ी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संबंधितों से चोरी का सामान जब्त किया गया है।

कुसमुण्डा टीआई राकेश मिश्रा ने बताया कि उड़ीसा के वंझर जिला अंतर्गत जोड़ा थाना के निवासी रामबिरवा पिता सुकलाल बिरवा से दो जरकिन में रखा 70 लीटर डीजल जब्त किया गया।

सूचना मिली की वह अवैध रूप से डीजल रखकर इसे खपाने का काम कर रहा है। पुलिस पार्टी को मौके पर भेजकर मामले में कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ 419-1.4, 379 का प्रकरण दर्ज किया गया। अन्य मामले में खोडरी निवासी शत्रुतुहन यादव 33 वर्ष के पास से डेढ़ टन कोयला जब्त किया गया। 28 बोरी में इसे रखा गया था। उसने अपने घर की बाड़ी में चोरी का सामान रखा था। पूछताछ में कोलफि ल्ड के आसपास से कोयला पार करने की बात कही गई। उस पर 41, 1-4, 379 का प्रकरण दर्ज किया गया।

रायपुर से ट्रक में भरकर अवैध रूप से 30 भैंसों को गोंदिया ले जाते हुए पुलिस ने खमतराई के पास पकड़ा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मवेशी तस्करी के मामलों में अभी भी कमी नहीं आई है राजधानी रायपुर से सटे खमतराई इलाके में बीती रात ट्रक में भरकर 30 भैंसों को गोंदिया ले जाते हुए बरामद बरामद किया गया।

खमतराई थाना अंतर्गत बिलासपुर रोड़ से गोंदिया जा रही ट्रक से भरी 30 भैंस बरामद किया गया है। हरीश पेट्रोल पंप के पास कल देर रात ट्रक डिवाइडर से टकराकर एक्सीडेंट हो गया। जिसकी सूचना आसपास के लोगों को सुबह मिलते ही उन्होंने रोड जाम कर दिया।

पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात रावा भाटा हरीश पेट्रोल पंम्प के पास वाहन क्रमांक सीजी 04 जेड.सी 3398 मिले जिनसे 30 भैंस गोंदिया ले जाई जा रही थी। मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। जब्त वाहन में न तो मवेशी के और न ही वाहन के कागजात मिले।

लिहाजा पुलिस वाहनों को व मवेशी समेत जब्त कर लिया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पशु परिवहन अत्याचार अधिनियम की धारा 47 ए, बी, सी, और पशु क्रूरता अधिनियम की धारा व कृषि पशु निवारण की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रही है।

चोलनार ब्लास्ट में शामिल जनमिलिशिया कमांडर ने किया सरेंडर

» एक लाख का इनामी है समर्पित नक्सली

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को आज एक और सफलता मिली है. मलांगिर एरिया कमेटी में सक्रिय 1 लाख के ईनामी जनमिलिशिया कमांडर हड़मा ने आज पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के समक्ष आत्म समर्पण किया. आत्म समर्पित नक्सली चोलनार ब्लास्ट तथा रविवार को किरन्दुल एनएमडीसी परियोजना के एसपी 3 में 9 वाहनों की आगजनी की घटना सहित कई वारदातों में शामिल था। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने बताया गया कि आत्मसमर्पित नक्सली हड़मा वर्ष 2007 से संघम सदस्य के रूप में भर्ती हुआ. 2 वर्ष बाद इसे गुमियापाल क्षेत्र जनमिलिशिया सदस्य के रूप में पदोन्नत किया गया तथा 1 वर्ष बाद जनमिलिशिया कमांडर के रूप में पदोन्नत किया गया. नक्सली संगठन में रहकर कार्य करने के दौरान शादी करने से इसे नक्सली कमांडर विनोद ने गांव में रहकर बाल संघम सदस्यों को भर्ती करने, बड़े नक्सली लीडर आने पर ग्रामीणों को एकत्रित करने, भोजन की व्यवस्था करना, रोड खोदना, पुलिस की रेकी तथा गांव में नक्सली विचारधारा का प्रचार-प्रसार करना था। आत्मसमर्पित नक्सली 13 मई 2012 को एनएमडीसी परियोजना किरन्दुल से पेट्रोलिंग ड्यूटी में जा रहे सीआईएसएफ बल के 6 जवान, ड्राइवर पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्याकर हथियार लूटने की घटना में शामिल था. 13 अप्रैल 2015 को चोलनार कैंप से किरन्दुल आ रहे पुलिस के एण्डी लैण्ड माईन वाहन को विस्फोट कर फायरिंग की घटना में शामिल था।

प्लास्टिक एजेंसी में छापा, 4 ट्रैक्टर डिस्पोजल गिलास, प्लेट, कप, कटोरी बरामद

» शहर के अन्य हिस्सों में भी भारी मात्रा में पॉलीथीन पर कार्यवाही की गई

रायपुर (आरएनएस)। मोहबाबाजार के एक प्लास्टिक एजेंसी में आज रायपुर नगर निगम की टीम ने छापा मारकर 4 टैऊक्टर डिस्पोजल गिलास, प्लेट, कप और कटोरियां बरामद की गई। निगम द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में भी प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी की कार्यवाही की गई। जिसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किये गये।

निगम आयुक्त शिव अनंत तायल के निर्देश पर आज शहर भर के अलग-अलग क्षेत्रों में छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किये गये। निगम के जोन 8 के जोन कमिश्नर प्रवीण सिंह गहलोत ने बताया कि मोहबाबाजार में स्थित सोनू ट्रेडर्स के खिलाफ प्रतिबंधित पॉलीथीन बेचने की शिकायत मिली थी। जिस पर आज कार्यवाही करते हुए वहां 4 टैऊक्टर प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास, प्लेट, कप, कटोरी आदि सामान जप्त किये गये। जप्त किये गये सामानो की कीमत 1 लाख रू. से अधिक आंकी गई है। इधर जोन क्रमांक 5 की टीम द्वारा लाखे नगर चौक से लेकर सुन्दर नगर तक तथा लाखे नगर चौक से लेकर लिली चौक के दुकानों की जांच में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किया गया। जोन के सेनेटरी इंस्पेक्टर दिलीप साहू ने बताया कि अश्वनी नगर स्थित गणेश ट्रेडर्स से 50 किलो प्लास्टिक जप्त किये गये। वहीं लाखे नगर से 40 किलो तथा चंगोराभाठा से 35 किलो पॉलीथीन जप्त किया गया। कार्यवाही के समय जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव भी मौजूद थे। इधर तेलीबांधा के एक दुकान से भारी मात्रा में पॉलीथीन जप्त करने के साथ ही दुकानदार के खिलाफ 1000 रू. का जुर्माना भी किया गया। वहीं रायपुरा चौक के पास ओम किराना स्टोर से 30 किलो डिस्पोजल गिलास जप्त किया गया।

सीआरपीएफ कैंप के पास मिला विस्फोटक

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छग के दंतेवाड़ा जिला के जगरगुंडा के निर्माणधीन सड़क पर कोंडासवली में सीआरपीएफ कैंप से 700 से 800 की दूरी पर नक्सलियों ने विस्फोटक लगा रखा था। सर्चिंग के दौरान जवानों ने बम को खोज निकाला और नष्ट कर दिया। सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल ने बताया कि जवानों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। यह विस्फोटक जगरगुंडा की निर्माणाधीन सड़क पर कोंडासवली क्षेत्र के पास लगाया गया था। ज्ञात हो कि मंगलवार को पुसपाल में भी इसी तरह का विस्फोटक मिला था।

डस्टबीन नहीं रखने पर दुकानदारों पर 25 हजार का जुर्माना

» दुकानदारों को 3 फीट ऊंचा और 50 लीटर वाला डस्टबीन रखना जरूरी

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज दुकानों, ठेलों तथा फल वालों की जांच की । डस्टबीन नहीं रखे जाने पर 100 से अधिक दुकानदारों के खिलाफ 25 हजार रू. का जुर्माना किया गया। निगमायुक्त शिव अनंत तायल ने कार्यवाही लगातार जारी रखने के निर्देश दिये है।

निगम के जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर चंदन शर्मा ने बताया कि मौदहापारा और मेकाहारा के बाहर में लगे ठेले और दुकानों की आज सुबह जांच की गई। ज्यादातर दुकानदार डस्टबीन नहीं रखे थे और कचरे को सडक पर फेंकते पाये गये। ऐसे 21 दुकानों और ठेले वालो के खिलाफ 6300 रू. का जुर्माना किया गया। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई कि 3 फीट ऊंचा जिसमें 50 लीटर तक पानी भर से ऐसा डस्टबीन दुकान के बाहर रखा जाये। कचरे को वे खुद भी डस्टबीन में डाले और ग्राहको को भी डस्टबीन में डालने के लिये प्रेरित करे।

इधर जोन क्रमांक 5 की टीम द्वारा रायपुरा चौक के पास स्थित एक कैफे में छापा मारा गया। जोन के जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव ने बताया कि कैफे संचालक द्वारा डस्टबीन नहीं रखा गया था और कचरे को बाहर नाली में फेंका जा रहा था। जिस पर कैफे संचालक के खिलाफ 5000 रू. का जुर्माना किया गया।

हाथियों का उत्पात जारी, फिर ढहाया मकान

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कोरबा व कटघोरा के जंगल में अभी भी 92 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिनमें से 30 कटघोरा के पसान रेंज में मौजूद हैं जबकि 22 हाथियों का दल कोरबा के बालकोनगर रेंज के सोनपुर जंगल में डेरा जमाए हुए हैं। लोनर गणेश सहित 40 हाथी करतला के आसपास विचरणरत हैं। इन हाथियों ने बीती रात फिर उत्पात मचाते हुए अनेक किसानों की धान की फसल चौपट कर दी। वहीं एक मकान को ढहा दिया। जिससे ग्रामीणों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार पसान रेंज के जलके तनेरा में उपस्थित 30 हाथियों ने बीती रात भारी उत्पात मचाते हुए जहां 11 किसानों के फसल को रौंद दिया वहीं एक ग्रामीण के घर को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों के उत्पात के दौरान मकान मालिक ने अपने परिवार के साथ किसी तरह भागकर जान बचाई। कोरबा के बालकोनगर रेंज में घूम रहे 22 हाथियों के दल को चारा व पानी के पर्याप्त मौजूदगी के चलते सोनपुरी जंगल भा गया है। यहां ये दल डेढ़ सप्ताह से डेरा जमाए हुए हैं। बीती रात इस दल ने सोनपुरी गांव में पहुंचकर आठ किसानों के धान फसल चट कर दिया है। कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद 40 हाथियों के दल ने भी उत्पात मचाया है। इस दल ने आमाखोला व पीडिया में अनेक किसानों की फसल को तहस-नहस कर उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। लोनर हाथी गणेश दल से अलग होकर बड़मार व सुईआरा के जंगल में पहुंच गया है। इसने अभी फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन दंतैल के आने की सूचना से ग्रामीण काफी भयभीत हैं। वन विभाग ने भी सतर्कता दिखाते हुए आसपास के गांवों में मुनादी करा दिया है और ग्रामीणों से कहा है कि वे जंगल न जाएं। अपने घर व गांव के आसपास ही बने रहें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ल्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU